न्यूज 1 नजर में

कार चालक ने गाली-गलौज का जड़ा आरोप

बरमाणा। थाना बरमाणा के तहत आने वाले धौनकोठी में एक कार चालक ने गाड़ी को पास देने के नाम पर एक व्यक्ति पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में लेखराज शर्मा निवासी बलोह ने बताया कि गत शनिवार देर सायं वह बरमाणा से कार से अपने घर बलोह जा रहा था। इस दौरान जब वह धौनकोठी में राधा कृष्ण मंदिर के पास पहुंचा तो सड़क पर खड़ी कार को पास देने के लिए डिप्पर मारा। इस पर संबंधित कार चालक ने गुस्से में अपनी कार को पीछे किया। इस पर उसने अपनी कार को पीछे करके टक्कर से बचाया। इसके बाद वह व्यक्ति कार से उतरा और उसके साथ गाली-गलौज करने लग पड़ा तथा उसे गले से पकड़कर टांगें तोड़ देने की धमकी भी दी। डीएसपी बिलासपुर राज कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

निबंध लेखन प्रतियोगिता आज

बिलासपुर। जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत 4 सितंबर को प्रातः 10 बजे से संस्कृति भवन में जिला स्तरीय भाषण निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला बिलासपुर के लगभग 45 विद्यालयों के 135 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

निहाल में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई

बिलासपुर। सरस्वती विद्या मंदिर कन्या उच्च निहाल बिलासपुर में छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। वंदना हाल में लगाई गई प्रदर्शनी को अन्य छात्राओं, अभिभावकों प्रबंध समिति सदस्यों ने निहारा और छात्राओं के विजन की भरपूर प्रशंसा की। प्रबंध समिति के प्रबंधक दीप नड्डा और प्रचार प्रमुख सुरेंद्र सिंह मिन्हास विशेष रूप से शामिल रहे। नड्डा ने अपने संबोधन में मॉडल्स की खूब प्रशंसा की और छात्राओं को कड़ी मेहनत करके श्रेष्ठ मुकाम हासिल करने का आह्वान किया।

पर्यटन विभाग के निदेशक को भेजा ज्ञापन

बिलासपुर। बिलासपुर की गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सराज अख्तर, सुनंदा सूद, सिस्टा गौतम ने संयुक्त रूप से अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल के माध्यम से पर्यटन विभाग के निदेशक को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग की गई कि गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन गोबिंदसागर झील बिलासपुर में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2009 से कार्य कर रहा है। मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल के पास गोबिंदसागर झील में वाटर स्पोर्ट्स एडवेंचर हब बनाने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से प्रयासरत है। वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन सितंबर माह से स्पीड बोट, शिकारा बोट, पैडल बोट इत्यादि गोबिंदसागर झील में चलाएगी।

डॉ. भूपेंद्र शर्मा बने प्रधान

बिलासपुर। बिलासपुर में रविवार को हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ की जिला बैठक आयोजित हुई, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. भूपेंद्र शर्मा को प्रधान चुना गया। सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी, एमएस डॉ. सतीश शर्मा को पैट्रन बनाया गया। इसके अलावा डॉ. पारस सहगल को उपप्रधान, डॉ. प्रदीप कुमार को महासचिव, डॉ. पारस भमौरिया व जसदीप बराड़ संयुक्त सचिव, डॉ. कुलदीप को कोषाध्यक्ष, डॉ. दिव्यांश राणा को प्रेस सचिव, डॉ. विशेष और डॉ. दीया चौधरी को सेंटर एक्सीक्यूटिव मेंबर व डॉ. शिवांशु, डॉ. रवि को आरएच डिस्ट्रिक्ट एक्सीक्यूटिव मेंबर बनाया गया। इसके अलावा घुमारवीं ब्लॉक डॉ. तरूण, डॉ. शुभम, श्रीनयना देवी जी से डॉ. नील कमल, डॉ. योगमाया, ब्लॉक झंडूता से डॉ. कार्तिकेय और डॉ.अंशुल तथा मारकंड ब्लॉक से डॉ. सुशील चंदेल तथा डॉ. प्रशांत को एक्सीक्यूटिव मेंबर बनाया गया। एमओएच डॉ. परमिंद्र इस कार्यकारिणी में मुख्यसलाहकार का दायित्व निभाएंगे। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद चिकित्सा अधिकारियों ने अपनी मांगों के बारे में विभिन्न मुद्दों पर विचार- विमर्श किया।

गणित विषय की स्पर्धा में अक्षरा अव्वल

बिलासपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला बिलासपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान आरए योजना के तहत एक गणित और विज्ञान विषय की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने विज्ञान और गणित विषय पर मॉडल और चार्ट बनाए। गणित विषय की स्पर्धा में अक्षरा ने पहला, प्रिया और नियति ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, पीहू ने तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान विषय की स्पर्धा में ईशानी ने पहला, मन्नत ने दूसरा, वैष्णवी और श्रेयासी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्य प्रिया पोसवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही सभी छात्राओं को भविष्य में होने वाली गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर योजना के प्रभारी आकाश, सुनील कुमार, सुमनलता, शैफाली डोगरा, श्रेष्ठा, पूजा, विजय कुमारी, सुभाष चंद, संजीव कुमार, रीतू भारद्वाज, लता कुमारी और अन्य उपस्थित रहे।

शहर में पार्किंग की समस्या ने बढ़ाया मर्ज

चालकों को सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी करने में होती है परेशानी

अनूप शर्मा ▮ बिलासपुर

कोर्ट रोड पर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां।

नए बिलासपुर शहर को अस्तित्व में आए हुए लगभग 63 वर्ष हो गए हैं, लेकिन आज भी नए बिलासपुर शहर को पार्किंग सहित अन्य कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इनमें शहर की सीवरेज, कूड़े के लिए डंपिंग साइट कई अन्य ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समाधान आज तक नहीं हो पाया है। इसमें एक शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को गाड़ियां पार्किंग करने के लिए पार्किंग स्थल नहीं है, जहां पर स्थानीय शहरवासी, दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों व विभागों में काम करने वाले कर्मचारी अपने वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़े कर सकें। स्थानीय शहर में एक छुटपुट पार्किंग स्थल के अलावा एक पेड पार्किंग है। जहां पर आम आदमी गाड़ी को पार्क करने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ती है।

▮ आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हैं आठ हजार से अधिक वाहन

इस समस्या के कारण हालत यह है कि प्रमुख रूप से गुरुद्वारा चौक व कोर्ट रोड पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से लेकर चेतना चौक व उपायुक्त कार्यालय के पास अकसर सड़क के किनारे खड़े वाहन देख जा सकते हैं। हालत यह है कि जहां खाली जगह मिलती, वहीं लोग गाड़ी खड़ी कर देते हैं। इस समस्या के कारण लोगों को पुलिस के चालान की समस्या से भी दो-चार होना पड़ता है। वही हाल शहर के अन्य क्षेत्रों का है। हालांकि शहर में कुछ वार्डों में नगर परिषद ने छोटे-छोटे पार्किंग स्थल बनाए हैं।

जहां पर भी एक साथ पांच-छह वाहन ही खड़े हो सकते हैं। ऐसे में यह समस्या शहर में अभी भी बरकरार है। ऐसे में अगर क्षेत्रीय परिवहन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो बिलासपुर जिले में लगभग 8420 वाहन पंजीकृत हैं, जिसमें कारें, हैवी व्हीकल शामिल हैं। इसके अलावा आरएलए के तहत यह आंकड़ा इससे कहीं बहुत अधिक है।

गौरतलब है कि 1961 के दशक में बिलासपुर शहर को चंडीगढ़ की तर्ज पर बसाया गया था, लेकिन बाद यह मॉडल यहां पर सही तरीके से लागू नहीं हो पाया।

गुरुद्वारा चौक के पास पार्किंग के लिए मिला डेढ़ करोड़

बिलासपुर शहर में वर्ष 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल द्वारा गुरुद्वारा चौक के पास व तिब्बती मार्केट के पास पार्किंग स्थल का शिलान्यास किया गया था, जिसमें गुरुद्वारा चौक के पास बनने वाली पार्किंग कार्य धीमी गति से चलता रहा है जो बीच में पैसे के अभाव में काम ठप हो गया। लेकिन इस वर्ष इसके लिए फिर से डेढ़ करोड़ की राशि प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई, लेकिन तिब्बती मार्केट के पास पार्किंग का कार्य अगले भाग वाली जमीन नहीं मिलने के कारण आज तक शुरू नहीं हो पाया है।

> नगर परिषद द्वारा शहर में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए प्रोपोजल दिए गए हैं। हालांकि नगर परिषद द्वारा कुछ वार्डों में छोटे-छोटे पार्किंग स्थल बनाए हैं, जहां पर भी एकसाथ पांच-छह वाहन ही खड़े हो सकते हैं। वाहनों की अधिक संख्या के कारण यह समस्या बरकरार है। काफी समय से गुरुद्वारा चौक के पास बनने वाली पार्किंग के लिए प्रदेश सरकार द्वारा डेढ़ करोड़ की राशि मंजूर की गई है, जिससे अब फिर से निर्माणकार्य शुरू हो गया है।
>
> **- कमल गौतम, उपाध्यक्ष, नगर परिषद, बिलासपुर।**

झंडूता में सड़कों के निर्माणकार्य को लेकर सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

हिमाचल दस्तक ▮ झंडूता

विकास खंड झंडूता की विभिन्न सड़कों के निर्माणकार्य के लिए पूर्व विधायक डॉ. बीरू राम किशोर की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला, जिसमें झंडूता की सड़कों की दयनीय हालत और विभिन्न सड़कों को गांव से जोड़ने के लिए प्रस्ताव दिया गया, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकार करते हुए सड़कों पर खर्च होने वाली राशि को जारी करने की अनुमति प्रदान की।

▮ मुख्यमंत्री ने तुरंत सड़कों पर खर्च होने वाली राशि को जारी करने की अनुमति दी

डॉ. बीरू राम किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष 100 किलोमीटर के करीब सड़कों के निर्माण की बात रखी थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया और विभाग को राशि जारी करने के आदेश भी दिए गए। इस प्रतिनिधिमंडल में पवन कौशल, अब्दुल खालिक, यशराज शर्मा, बीडीसी सदस्य सनीहरा पंचायत नंद लाल, मदन सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा इन सड़कों के निर्माणकार्यों के लिए जारी राशि प्रदान करने के लिए डॉ. बीरू राम किशोर सहित ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन ओम प्रकाश चंदेल, जितेंद्र बसु, अश्वनी कुमार, नरेश सोहड, निक्का राम, शमशेर सिंह व संजय कुमार सहित कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। डॉ. बीरू राम किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि झंडूता विधानसभा चुनाव क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शैलजा को डीजीपी डिस्क अवॉर्ड

खेल क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन पर राज्यपाल ने किया सम्मानित

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के इतिहास में लगातार नए नए आयाम जुड़ रहे हैं। अब नर्सरी की वरिष्ठ महिला हैंडबॉल खिलाड़ी को हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

पुलिस विभाग में जिनको डीजीपी डिस्क अवॉर्ड मिला उसमें महिला कॉन्स्टेबल अंतरराष्ट्रीय खिलाडी शैलजा शर्मा एकमात्र है। शैलजा शर्मा को डीजीपी अवॉर्ड मिलने पर उनके परिजन व कोच स्नेहलता व सचिन चौधरी ने खुशी व्यक्त की है। हिमाचल पुलिस ने रविवार को गेयटी थियेटर शिमला में डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से होनहार पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी शैलजा शर्मा को भी खेल के क्षेत्र में डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शैलजा शर्मा को यह अवॉर्ड खेल के क्षेत्र में मिला है। शैलजा शर्मा पुलिस में कार्य करते हुए जॉर्डन में एशियन चैंपियनशिप में बतौर कप्तान स्वर्ण मेडल जीता था।

इस कारण पुलिस विभाग ने शैलजा को डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया। मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की संचालिका व कोच स्नेहलता, भारतीय महिला टीम कोच सचिन चौधरी व नर्सरी के वरिष्ठ व अन्य हैंडबॉल खिलाड़ियों ने शैलजा शर्मा को डीजीपी डिस्क अवॉर्ड मिलने पर शैलजा शर्मा को बधाई दी है व आगे के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

प्रदेश पुलिस में कार्यरत शैलजा शर्मा की उपलब्धि

शैलजा शर्मा ने वेस्ट एशियन चैंपियनशिप जॉर्डन अमान में स्वर्ण पदक हासिल किया, जिसमें वह बतौर कप्तान रही थी। साउथ एशियन चैंपियनशिप में लखनऊ में स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय वरिष्ठ महिला प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में स्वर्ण, रजत पदक व कांस्य पदक व स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

साल 2022-23 में खारसी परिवहन सभा ने 23 लाख 57 हजार 99 रुपये का किया लाभ अर्जित

हिमाचल दस्तक ▮ जुखाला

द बिलासपुर जेपी उद्योग विस्थापित एवं प्रभावित परिवहन सहकारी सभा समिति खारसी के साधारण अधिवेशन में मौजूद ट्रक ऑपरेटर।

द बिलासपुर जेपी उद्योग विस्थापित एवं प्रभावित परिवहन सहकारी सभा समिति खारसी का साधारण अधिवेशन लाडाघाट में संपन्न हुआ, जिसमें सभा के 560 सदस्यों ने भाग लिया तथा सभा का आय-व्यय साधारण अधिवेशन के समक्ष पेश किया गया। सभा के महासचिव दौलत सिंह ठाकुर ने सभा को बताया कि वर्ष 2019-20 में 27544 रुपये का लाभ कमाया, 2020 -21 में 23 लाख 9 हजार 621 रुपये लाभ व वर्ष 2022-23 में 23 लाख 57 हजार 99 रुपये का लाभ अर्जित किया। इसके अलावा खारसी परिवहन सभा में ट्रक चलाते किसी ट्रक ड्राइवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 500 प्रति ट्रक अनुदान राशि इकट्ठा करके चार से पांच लाख जो भी एकत्रित होगा ट्रक चालक के परिवार को दिया जाएग। सभा में सभी सदस्यों की एक ही कैटेगरी मानी जाएगी। सभा भवन के लिए जमीन व भवन निर्माण का प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित किया गया। गोसदन रानी कोटला की व्यवस्था के लिए 10 प्रति ट्रक प्रति चक्कर देने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

अजय चंदेल श्रीराम नाटक समिति डियारा के प्रधान नियुक्त

बिलासपुर। श्रीराम नाटक समिति डियारा सेक्टर की कार्यकारिणी के हुए चुनाव में अजय चंदेल को प्रधान चुना गया है। समिति के वरिष्ठ कलाकार सुशील पुंडीर की अध्यक्षता में हुए चुनाव में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अजय चंदेल के नाम पर सहमति जताई। इसके अतिरिक्त सुनील पंवर को समिति का महासचिव और सुखदेव सूद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति के बाद प्रधान अजय चंदेल ने कहा कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 अक्तूबर से शुरू होने वाले श्रीराम नाटक मंचन के लिए रिहर्सल 14 सितंबर से शुरू कर दी जाएगी। समिति के वरिष्ठ कलाकार और निदेशक अनिल मैहता अपने सहयोगियों के साथ कलाकारों को अदाकारी के गुर सिखाएंगे। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और कलाकारों से रिहर्सल में प्रत्येक दिवस अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

मल्टी टास्क वर्करों को 12 महीनों का वेतन दे सरकार

बिलासपुर। बिलासपुर में रविवार को एटक से संबंधित मल्टी टास्क वर्कर यूनियन शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता इसके जिला प्रधान भूपेश कुमार ने की। बैठक में एटक राज्य सचिव प्रवेश चंदेल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में मल्टी टास्क वर्करों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से सभी मल्टी टास्क वर्करों को नियमित करने, दस माह के स्थान पर 12 महीनों का वेतन देने, अवकाश के दिन का वेतन न काटने, न्यूनतम वेतन दिए जाने, मातृत्व अवकाश दिए जाने, सभी वर्करों का पांच लाख का बीमा करवाने, मेडिकल लीव का प्रावधान करने, अतिरिक्त सेवाओं का अतिरिक्त भुगतान करने की मांग की। बैठक को संबोधित करते एटक के राज्य सचिव प्रवेश चंदेल ने कहा कि सरकार द्वारा मल्टी टास्क वर्करों की ड्यूटी अन्य कार्यों में लगाई जा रही है तथा इसका अतिरिक्त भुगतान भी नहीं किया जाता। चंदेल ने कहा कि यदि सरकार ने इस वर्ग की जायज मांगों को स्वीकार नहीं किया और उनके शोषण पर सख्ती से अंकुश नहीं लगाया तो शीघ्र ही संघर्ष की रूपरेखा तैयार करने आंदोलन का बिगुल बजाया जाएगा, जिसका सारा उत्तरदायित्व सरकार पर ही होगा।

कंदरौर में शिविर में 103 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

कंदरौर। व्यापार मंडल कंदरौर और देवभूमि सोशल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान से कंदरौर में चौथा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 103 रक्तवीरों और रक्त वीरांगनाओं ने अपना अमूल्य रक्तदान किया। डॉ. विपाशा की अगुआई में आईजीएमसी शिमला की ब्लड बैंक की टीम के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन सफल हुआ। इस शिविर में एकत्र अमूल्य रक्त थैलेसीमिया व कैंसर मरीजों के उपचार के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर राहुल वर्मा, आशीष मेहता,अरविंद मेहता, चमन शर्मा, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

बिलासपुर में अग्निवीर बनने के लिए युवाओं में दिखा भारी उत्साह

पहले दिन 500 युवाओं ने आजमाया भाग्य

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

कहलूर खेल परिसर में अग्निवीर बनने के लिए दौड़ लगाते युवा।

बिलासपुर के कहलूर खेल परिसर में रविवार से शुरू हुई भारतीय स्थल सेना की अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। इस भर्ती में भाग लेने के लिए युवा सुबह तीन बजे से ही भर्ती स्थल पर पहुंचने शुरू हो गए थे। भर्ती स्थल को पूरी तरह चारों से बंद किया गया है, जिसमें अन्य किसी को जाने की अनुमति नहीं दी गई।

भर्ती स्थल के प्रवेश द्वारों पर सेना के जवान तैनात किए गए हैं। यहां पर सुबह पांच बजे से भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें दौड़, लंबी कूद सहित शारीरिक दक्षता प्रदर्शन में युवाओं ने भाग लिया। भर्ती के पहले दिन लगभग 500 युवाओं ने अपना भाग्य अजमाया, जिसमें बिलासपुर जिले के घुमारवीं, भराड़ी, झंडूता, नम्होल, व श्रीनयना देवी के युवाओं ने भाग लिया। वहीं, भर्ती स्थल पर पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए 75 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

इस भर्ती की खास बात यह है कि भर्ती में भाग लेने वालों के लिए भर्ती स्थल के अंदर ही खाने पीने की व्यवस्था की गई है। उधर, स्वास्थ्य विभाग की ओर से भर्ती स्थल पर युवाओं की सुविधा के लिए दो चिकित्सक, दो फार्मासिस्ट, छह स्पोर्टिंग स्टाफ, एक एंबुलेंस व एक चालक की तैनाती की गई है।

आज इन क्षेत्रों की होगी भर्ती

चार सितंबर को बिलासपुर सदर के उम्मीदवारों के साथ-साथ हमीरपुर के टौहरा, सुजानपुर, नादौन, ग्लोड़, हमीरपुर तथा घटवाल के अभ्यर्थियों की भर्ती रैली होगी।

ये डॉक्यूमेंट साथ लाएं

दस्तावेजों में एडमिट कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, हिमाचली प्रमाणपत्र, जाति या डोगरा प्रमाणपत्र, धर्म प्रमाणपत्र, स्कूल या कॉलेज चरित्र प्रमाणपत्र, सरपंच की ओर से जारी चरित्र प्रमाणपत्र, अविवाहित प्रमाणपत्र, पूर्व सैनिक के बेटे का प्रमाण पत्र, एनसीसी सर्टिफिकेट, खेल की उपलब्धियों का प्रमाणपत्र, हलफनामा, बैंक खाता नंबर, पैन कार्ड, पुलिस का चरित्र प्रमाणपत्र, आवासीय प्रमाण और 20 पासपोर्ट साइज फोटो लाने होंगे।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड
INOXWIND
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला ऊना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएन: L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन / फैक्स: 01975 272001 | वेबसाइट: www.inoxwind.com | ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com

14वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में शेयरधारकों को सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि **कम्पनी की चौदहवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 को 3:00 बजे अपराह्न (भारतीय मानक समय)**, कम्पनी अधिनियम, 2013 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के सामान्य परिपत्रों दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 8 दिसम्बर, 2021, 14 दिसम्बर, 2021, 5 मई, 2022 एवं 28 दिसम्बर, 2022 ('एमसीए परिपत्रों') तथा सेबी परिपत्रों दिनांकित 13 मई, 2022 एवं 5 जनवरी, 2023 ('सेबी परिपत्रों') के अनुपालन में, **विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों (ओएवीएम)** की सुविधा के माध्यम से, एक आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसरण में, 14वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट अन्य वांछित संलग्नक दस्तावेजों सहित, केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों के ईमेल पते पर भेजे जाएंगे जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com; स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com; तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कम्पनी भौतिक / डीमैट तौर पर शेयर प्रतिरक्षित करने वाले अपने सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर उनका वोट डालने हेतु ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग' की सुविधा) प्रदान कर रही है। एजीएम में सम्मिलत होने तथा 'रिमोट ई–वोटिंग' / 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग' हेतु निर्देश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अन्तर्गत कोरम के प्रयोजन हेतु संगणित किया जाएगा।

यदि आपने कम्पनी / डिपॉजिटरी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, तो कृपया इसे पंजीकृत करने, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने तथा एजीएम में सम्मिलत होने / ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए लॉगिन विवरण हेतु नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

क) भौतिक होल्डिंग: आवश्यक विवरण, जैसे फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की हुई प्रति), आधार (स्व–सत्यापित आधार कार्ड की प्रति) प्रदान करते हुए ईमेल द्वारा एक अनुरोध कम्पनी को investors.iwl@inoxwind.com पर अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रान्सफर एजेंट को rnt.helpdesk@linkintime.co.in पर भेजें;

ख) डीमैट होल्डिंग: कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें एवं अपने डीपी की सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार, अपने ईमेल पते तथा फोन नम्बर को अपने डीमैट खाते में पंजीकृत करें।

किसी भी प्रश्न / मुद्दे के सम्बन्ध में सदस्य सुश्री पल्लवी म्हात्रे से 022–48867000 / 24997000 पर संपर्क कर सकते हैं या एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता / –
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 2 सितम्बर, 2023

आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला ऊना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएन: L40106HP2020PLC010065 | टेलीफोन: 01975 272001 | वेबसाइट: www.iwel.co.in | ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com

तृतीय वार्षिक आम बैठक के संबंध में शेयरधारकों को सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि **कम्पनी की तृतीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 को 4:30 बजे अपराह्न (भारतीय मानक समय)**, कम्पनी अधिनियम, 2013 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के सामान्य परिपत्रों दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 8 दिसम्बर, 2021, 14 दिसम्बर, 2021, 5 मई, 2022 एवं 28 दिसम्बर, 2022 ('एमसीए परिपत्रों') तथा सेबी परिपत्रों दिनांकित 13 मई, 2022 एवं 5 जनवरी, 2023 ('सेबी परिपत्रों') के अनुपालन में, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों (ओएवीएम) की सुविधा के माध्यम से, एक आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसरण में, तृतीय एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट अन्य वांछित संलग्नक दस्तावेजों सहित, केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों के ईमेल पते पर भेजे जाएंगे जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.iwel.co.in; स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com; तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कम्पनी भौतिक / डीमैट तौर पर शेयर प्रतिरक्षित करने वाले अपने सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर उनका वोट डालने हेतु ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग' की सुविधा) प्रदान कर रही है। एजीएम में सम्मिलत होने तथा 'रिमोट ई–वोटिंग' / 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग' हेतु निर्देश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अन्तर्गत कोरम के प्रयोजन हेतु संगणित किया जाएगा।

यदि आपने कम्पनी / डिपॉजिटरी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, तो कृपया इसे पंजीकृत करने, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने तथा एजीएम में सम्मिलत होने / ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए लॉगिन विवरण हेतु नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

क) भौतिक होल्डिंग: आवश्यक विवरण, जैसे फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की हुई प्रति), आधार (स्व–सत्यापित आधार कार्ड की प्रति) प्रदान करते हुए ईमेल द्वारा एक अनुरोध कम्पनी को investors.iwl@inoxwind.com पर अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रान्सफर एजेंट को vadodara@linkintime.co.in पर भेजें;

ख) डीमैट होल्डिंग: कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें एवं अपने डीपी की सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार, अपने ईमेल पते तथा फोन नम्बर को अपने डीमैट खाते में पंजीकृत करें।

किसी भी प्रश्न / मुद्दे के सम्बन्ध में सदस्य सुश्री पल्लवी म्हात्रे (022–48867000 एवं 022–24997000) से संपर्क कर सकते हैं या एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड**
हस्ता / –
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 2 सितम्बर, 2023